# RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II हिंदी 2015

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

**Q.1**

"शिक्षण प्रक्रियाओं में पारस्परिक प्रभावों को सम्मिलित किया जाता है, जिसमें दूसरों के व्यावहारिक क्षमताओं के विकास का लक्ष्य होता है।" प्रजातांत्रिक शिक्षण व्यवहार की उपरोक्त परिभाषा दी है

(A) जॉन ब्रूबेकर ने
(B) एन.एल. गेज ने ✓
(C) एडमंड एमीडोन ने
(D) एच.सी. मोरीसन ने

**Q.2**

वितान-2 में संकलित 'सिल्वर वैडिंग' में किशन दा ने यशोधर बाबू को कितने रुपये उधार दिये थे ?

(A) तीस
(B) चालीस
(C) पचास ✓
(D) साठ

**Q.3**

किस शब्द में द्विगु समास नहीं है ?

(A) चौराहा
(B) त्रिभुज
(C) चतुरानन ✓
(D) सप्ताह

**Q.4**

'भाषाभूषण' ग्रन्थ के रचयिता कौन थे?

(A) सवाई जयसिंह
(B) जसवंतसिंह राठौड़ प्रथम ✓
(C) अनूपसिंह
(D) राणा कुम्भा

**Q.5**

इनमें से किस लेखक का संबंध 'भारतेन्दु मंडल' से नहीं था ?

(A) प्रताप नारायण मिश्र
(B) बालकृष्ण शर्मा ✓
(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(D) ठाकुर जगमोहन सिंह

**Q.6**

'लेकिन उन अधूरे पायदानों पर खड़े होकर अनुभव किया जा सकता है कि आप दुनिया की छत पर हैं; वहाँ से आप ..... झाँक रहे हैं ।' - 'अतीत में दबे पाँव' रचना के अनुसार इस प्रसंग में कहाँ पर झाँकने की बात कही गई है ?

(A) अतीत में
(B) इतिहास के पार
(C) अपने भीतर
(D) दुनिया में ✓

**Q.7**

इनमें 'तार सप्तक' से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) 'तीसरा सप्तक' का प्रकाशन सन् 1959 में हुआ था।

(B) 'चौथा सप्तक' सन् 1979 में प्रकाशित हुआ।

(C) शकुंतला माथुर की रचनाएँ तीसरे सप्तक में संकलित हैं। ✓

(D) रघुवीर सहाय दूसरे सप्तक के कवि हैं।

**Q.8**

निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"गंगा नदी भारत के तीन राज्यों में से गुजरती है । ये हैं उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल । भारत के इस मध्यम भाग को गंगा का मैदान कहा जाता है । यह प्रदेश अत्यधिक उपजाऊ, संपन्न तथा हरा-भरा है । इन राज्यों में कृषि-उपज से संबंधित तथा कृषि पर आधारित अनेक उद्योग-धंधे फैले हुए हैं । जिनसे राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है । पेयजल भी गंगा तथा उसकी नहरों के माध्यम से ही प्राप्त होता है । गंगा उत्तर भारत की सबसे पवित्र तथा महत्त्वपूर्ण नदी है । गंगा नदी भारतीय संस्कृति का भी अभिन्न अंग है । भारत के प्राचीन ग्रंथों, जैसे - वेद, पुराण, महाभारत आदि में गंगा की पवित्रता कथित है । भारत के अनेक तीर्थ गंगा के तट पर ही स्थित हैं ।"

भारत के मध्य भाग को गंगा का मैदान कहा जाता है, क्योंकि :

(A) गंगा के कारण यह क्षेत्र उपजाऊ है ।

(B) गंगा यहाँ होकर गुजरती है । ✓

(C) यहाँ के लोगों को पेयजल गंगा देती है ।

(D) गंगा यहाँ की पवित्र नदी है ।

**Q.9**

इनमें से किस कवि की रचनाएँ 'तार सप्तक' (प्रथम) में संकलित नहीं हैं ?

(A) धर्मवीर भारती ✓

(B) प्रभाकर माचवे

(C) रामविलास शर्मा

(D) मुक्तिबोध

**Q.10**

इनमें अरस्तू के अनुकरण से संबंधित कौन सा कथन गलत है ?

(A) अनुकरण से अरस्तू का अभिप्राय भावनापूर्ण अनुकरण से है।

(B) अनुकरण भी एक सर्जन-क्रिया है।

(C) अनुकरण के संबंध में प्लेटो और अरस्तू के मत में कोई अंतर नहीं है। ✓

(D) अनुकरण को नया अर्थ प्रदान कर अरस्तू ने कला का स्वतंत्र अस्तित्व स्थापित किया।

**Q.11**

निम्नलिखित में गलत कथन कौन सा है ?

(A) कार्यसूची में रेखांकित कार्यों पर हुए विचार विमर्श का संक्षिप्त विवरण कार्यवृत्त में होता है ।

(B) कार्यसूची बैठक के साथ-साथ बनायी जाती है । ✓

(C) कार्यवृत्त में बैठक में उपस्थित व्यक्तियों के नाम पदानुसार दिये जाने चाहिए ।

(D) कोई संस्थान या व्यक्ति किसी विषय या बैठक में जो निर्णय लेता है उसे प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा सर्वसामान्य तक पहुँचाया जाता है ।

**Q.12**

रेडियो समाचार की भाषा के बारे में कौन सा कथन असंगत है ?

(A) जिसकी भाषा तत्सम शब्दों से युक्त और आलंकारिक हो । ✓

(B) जिसमें आम बोलचाल के शब्द हों ।

(C) जिन्हें समाचार वाचक आसानी से पढ़ सके ।

(D) जिसमें बोलचाल की भाषा ही नहीं, सटीक मुहावरे भी हों ।

**Q.13**

सृजनात्मकता में कौनसी विशेषता शामिल है-

(A) आत्मानुभूति

(B) आत्मप्रेरणा

(C) आत्माभिव्यक्ति

(D) सभी ✓

**Q.14**

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने बिम्बवाद का प्रवर्तक माना है :

(A) ह्युल्मे को

(B) फ्लिंट को ✓

(C) रिचर्ड एलिंगटन को

(D) लॉवेल को

**Q.15**

जिन प्रतिक्रियाओं को सीखने के उपरान्त सन्तुष्टि प्राप्त होती है उन्हें सीख लिया जाता है, यह है

(A) अभ्यास का नियम

(B) तत्परता का नियम

(C) प्रभाव का नियम ✓

(D) सापेक्षता का नियम

**Q.16**

'सिल्वर वैडिंग' रचना की मूल संवेदना की दृष्टि से कौन सा कथन सही है ?

(A) भौतिकवादी दृष्टिकोण

(B) पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण

(C) आधुनिकता की अंधी प्रतिस्पर्धा

(D) पीढ़ी अन्तरालजन्य सामंजस्यहीनता ✓

**Q.17**

किस शब्द में 'वि' उपसर्ग नहीं है ?

(A) विद्या ✓

(B) विकट

(C) विदग्ध

(D) विषम

**Q.18**

इनमें से कवि घनानंद से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) उनकी कविता तत्कालीन दरबारी कवियों से सर्वथा भिन्न थी।
(B) वे प्रेम की 'पीर' के कवि थे।
(C) भाषा की 'अभिधा' शक्ति का सुंदर प्रयोग उन्होंने अपने काव्य में किया है। ✓
(D) 'विरोधाभास' उनका अत्यंत प्रिय अलंकार है।

**Q.19**

इनमें से कौन सी रचना भारतेन्दु हरिश्चन्द्र कृत नहीं है ?

(A) भारत दुर्दशा
(B) नीलदेवी
(C) प्रेममोहिनी ✓
(D) अंधेरनगरी

**Q.20**

बीसलदेव रासो की नायिका का नाम क्या है ?

(A) राजवती
(B) रूपमती
(C) मृणालवती
(D) राजमती ✓

**Q.21**

'चिंतामणि' नामक निबंध-संग्रह के रचनाकार इनमें से कौन हैं?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ✓
(B) डॉ. रामविलास शर्मा
(C) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) डॉ. नामवर सिंह

**Q.22**

गंगा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग कैसे है ?

(A) क्योंकि अनेक नगर गंगा के किनारे स्थित हैं ।
(B) क्योंकि गंगा लाखों लोगों की आजीविका का साधन है ।
(C) क्योंकि गंगा तीन राज्यों से होकर गुजरती है ।
(D) क्योंकि प्राचीन ग्रंथों में गंगा की पवित्रता कथित है । ✓

**Q.23**

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से 'अज्ञेय' की काव्यकृतियों का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) बावरा अहेरी, हरी घास पर क्षण भर, आँगन के पार द्वार, इत्यलम् ।
(B) हरी घास पर क्षण भर, इत्यलम्, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार
(C) आँगन के पार द्वार, इत्यलम्, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी
(D) इत्यलम्, हरी घास पर क्षण भर, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार ✓

**Q.24**

लौंजाइनस के उदात्त तत्त्व विषयक विवेचन से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) लौंजाइनस के 'उदात्त तत्त्व' के तीन पक्ष हैं; अंतरंग, बहिरंग और विरोधी तत्त्व।

(B) महान् विचारों की उद्भावना अंतरंग तत्त्व के अंतर्गत आती है।

(C) समुचित अलंकार योजना और उत्कृष्ट भाषा बहिरंग तत्त्व के अंतर्गत मानी गई है।

(D) लौंजाइनस हर स्थिति में, साहित्य में, गरिमामयी भाषा-प्रयोग के पक्षधर थे। ✓

**Q.25**

'उच्छृंखल' शब्द का सन्धि विच्छेद है :

(A) उच् + श्रृंखल

(B) उत् + श्रंखल

(C) उत् + श्रृंखल ✓

(D) उत + श्रृंखल

**Q.26**

गलत कथन कौन सा है ?

(A) कविता की अनजानी दुनिया का सबसे पहला उपकरण है - शब्द

(B) बिम्ब अमूर्त विषय को साकार करते हैं ।

(C) मुक्त छंद में भी अर्थ की लय होती है ।

(D) कविता में शब्दों के पर्याय होते हैं । ✓

**Q.27**

नवीन ज्ञान की प्राप्ति होती है

(A) रटने से

(B) ज्ञान के स्थानान्तरण से

(C) अनुभव एवं नवीन अर्थ खोजने से ✓

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Q.28**

हिन्दी कविता में फेंटेसी का मुखर प्रयोक्ता है

(A) शमशेर बहादुर

(B) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

(C) अज्ञेय

(D) मुक्तिबोध ✓

**Q.29**

मनोविश्लेषण का प्रतिपादन जिन्होंने किया, वे हैं

(A) अल्फ्रेड एडलर

(B) सिगमण्ड फ्रायड ✓

(C) कार्ल जुंग

(D) गार्डनर

**Q.30**

'मुहब्बत तो कस्टम से इस तरह गुजर जाती है कि कानून हैरान रह जाता है ।' - आरोह-2 में संकलित 'नमक' पाठ के आधार पर बताइये कि यह कथन किसका है ?

(A) सफिया का
(B) सफिया के भाई का
(C) सफिया की माँ का
(D) कस्टम अधिकारी का ✓

**Q.31**

वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(A) त्यौहार
(B) पड़ोसी ✓
(C) प्रतिनिधी
(D) दम्पती

**Q.32**

निम्नलिखित में से कौन सी रचना मुल्ला दाऊद द्वारा रचित है ?

(A) चित्रावली
(B) चंदायन ✓
(C) मृगावती
(D) मधुमालती

**Q.33**

खड़ीबोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य कौन सा है ?

(A) प्रिय प्रवास ✓
(B) साकेत
(C) कामायनी
(D) वैदेही वनवास

**Q.34**

इनमें से किस विद्वान ने 'पृथ्वीराज रासो' को प्रामाणिक ग्रन्थ माना ?

(A) रामचंद्र शुक्ल ने
(B) श्यामसुन्दर दास ने ✓
(C) डॉ. बूलर ने
(D) गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने

**Q.35**

इन रचनाओं में कौन सी रचना रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा रचित है?

(A) अशोक के फूल
(B) गेहूँ और गुलाब ✓
(C) आँगन का पंछी और बनजारा मन
(D) प्रिया नीलकंठी

**Q.36**

'उपजाऊ' का विलोम शब्द है :

(A) रेगिस्तान
(B) उपजहीन
(C) हरा-भरा
(D) अनुपजाऊ ✓

**Q.37**

इनमें से किस कवि की रचनाएँ 'चौथा सप्तक' में संकलित नहीं हैं ?

(A) राजकुमार कुंभज
(B) स्वदेश भारती
(C) शमशेर बहादुर ✓
(D) नंद किशोर आचार्य

**Q.38**

भरत के रसनिष्पत्ति संबंधी सूत्र के व्याख्याकारों में से किस विद्वान की व्याख्या 'अभिव्यक्तिवाद' कहलाती है ?

(A) अभिनवगुप्त ✓
(B) शंकुक
(C) भट्टनायक
(D) भट्ट लोल्लट

**Q.39**

'मुखचंद्र' में समास है :

(A) कर्मधारय ✓
(B) बहुव्रीहि
(C) तत्पुरुष
(D) द्वन्द्व

**Q.40**

गलत कथन कौन सा है ?

(A) नाटककार के समक्ष समय का बंधन होता है ।
(B) नाटक में सभी प्रकार की घटनाओं को प्रदर्शित किया जा सकता है । ✓
(C) नाटक के संवाद सरल और गत्यात्मक होने चाहिए ।
(D) लिखित रूप में नाटक एक आयामी होता है, मंचन में वही बहुआयामी हो जाता है ।

**Q.41**

निम्नलिखित में से कौनसा संवेगात्मक बुद्धि का तत्त्व नहीं है?

(A) संवेगों का प्रबन्धन
(B) स्वअभिप्रेरित करना
(C) दूसरों के संवेगों को पहचानना
(D) सजीवों में विभेदन करने की क्षमता रखना ✓

**Q.42**

भू में रमी शरद की कमनीयता थी ।
नीला अनंत नभ निर्मल हो गया था ।।
थी छा गई कुंकुम में अमिता सिताभा ।
उत्फुल्ल सी प्रकृति थी प्रतिभास होती ।।
इस काव्यांश में छंद है -

(A) वंशस्थ
(B) वसंततिलका ✓
(C) मन्दाक्रान्ता
(D) मालिनी

**Q.43**

प्रेणा-प्रबलन ह्रास सिद्धान्त के प्रदाता हैं

(A) क्लार्क एल. हल ✓
(B) फ्रायड
(C) मैसलो
(D) इनमें से कोई नहीं

**Q.44**

'बात की चूड़ी मर गई, और वह भाषा में बेकार घूमने लगी ।' - आरोह-2 में संकलित 'बात सीधी थी पर' - कविता के आधार पर 'बात की चूड़ी मर गई' - का भावार्थ क्या है ?

(A) बात अस्पष्ट और निष्प्रभावी हो गई ।
(B) बात समाप्त हो गई ।
(C) बात का बतंगड़ बन गया ।
(D) बात में कसावट नहीं रही । ✓

**Q.45**

किस शब्द में 'इंदा' प्रत्यय नहीं है ?

(A) गोविन्दा ✓
(B) परिन्दा
(C) शर्मिन्दा
(D) बाशिन्दा

**Q.46**

जायसी कृत 'पद्मावत' के विषय में कौन सा कथन गलत है ?

(A) तुलसी कृत 'मानस' के अनुकरण पर जायसी ने भी इसमें दोहा-चौपाई शैली को अपनाया है। ✓
(B) यह एक प्रेमाख्यानक काव्य है।
(C) इसकी भाषा ठेठ अवधी है।
(D) इसमें 'नागमती का वियोग वर्णन' 'प्रवासजन्य विरह वर्णन' के अंतर्गत आता है।

**Q.47**

'ज्ञानराशि के संचित कोष का नाम साहित्य है ।' - यह कथन किस विद्वान का है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) महावीरप्रसाद द्विवेदी ✓
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) बाबू गुलाबराय

**Q.48**

आदिकालीन रासो साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) इस साहित्य में राष्ट्र प्रेम का सुंदर चित्रण किया गया है । ✓
(B) युद्धों का सजीव वर्णन इस साहित्य की अन्यतम विशेषता है ।
(C) इसमें शौर्य और विलासिता का स्वाभाविक और जीवंत चित्रण हुआ है ।
(D) श्रृंगार रस और वीर रस का एक साथ चित्रण इसकी महत्त्वपूर्ण विशेषता है ।

**Q.49**

इनमें से कौन सी रचना नरेश मेहता द्वारा रचित है?

(A) संशय की एक रात ✓
(B) एक और द्रोणाचार्य
(C) स्मृति की रेखाएँ
(D) आवारा मसीहा

**Q.50**

निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

साक्षी है इतिहास हमीं पहले जागे हैं,
शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं ?
हैं हमीं प्रकंपित कर चुके, सुरपति तक का भी हृदय
बतलाओ तुम कौन नहीं जो हम से हारा,
पर शरणागत हुआ कहाँ, कब हमें न प्यारा ।
फिर एक बार हे विश्व ! तुम, गाओ भारत की विजय ।

'पहले जागे हैं' से क्या तात्पर्य है ?

(A) सबसे पहले सवेरा यहाँ होता है ।
(B) ज्ञान प्राप्ति हमें पहले हुई । ✓
(C) विज्ञान के आविष्कार यहीं हुए ।
(D) जीत का सवेरा यहीं हुआ ।

**Q.51**

निम्नलिखित में से कौन सा उपन्यास प्रेमचन्द द्वारा रचित है ?

(A) बूँद और समुद्र
(B) रंगभूमि ✓
(C) झूठा सच
(D) सूरज का सातवाँ घोड़ा

**Q.52**

सूझ द्वारा सीखने के समाकृतिवाद के प्रवर्तक थे

(A) वर्दीमर, कोफ्का एवं कोहलर ✓

(B) कोफ्का, थॉर्नडाइक एवं कोहलर

(C) कोहलर, कोफ्का एवं फ्रायड

(D) वर्दीमर, फ्रायड एवं कोहलर

**Q.53**

'अनुचित' में उपसर्ग है :

(A) अन

(B) अन् ✓

(C) अनस्

(D) अनु

**Q.54**

निम्नलिखित में कहानी के संदर्भ में कौन सा कथन असंगत है ?

(A) कभी-कभी किसी घटना का एक सूत्र भी कहानी का आधार बन जाता है ।

(B) कहानी विश्वसनीय होनी चाहिए ।

(C) कहानी में कल्पना का असीमित प्रयोग किया जा सकता है । ✓

(D) कहानी के कथानक में आदि, मध्य और अंत होते हैं ।

**Q.55**

एडवान्स ऑरगेनाइजर प्रतिरूप जिन्होंने दिया, वे हैं

(A) पियाजे

(B) आसुबेल ✓

(C) रिचर्ड सचमैन

(D) जॉन ड्यूई

**Q.56**

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, कलाओं में विचक्षणता, प्रीति तथा कीर्ति को किस आचार्य ने काव्य-प्रयोजन माना है ?

(A) वामन

(B) रुद्रट

(C) भामह ✓

(D) मम्मट

**Q.57**

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) शिक्षण उद्देश्य एवं शैक्षिक उद्देश्य दोनों समान हैं ।

(B) शिक्षण उद्देश्य, शैक्षिक उद्देश्य में अन्तर्निहित है । ✓

(C) शैक्षिक उद्देश्य जैसा कुछ नहीं है ।

(D) शिक्षण उद्देश्य की प्रकृति विस्तृत होती है ।

**Q.58**

'अतीत में दबे पाँव' रचना के आधार पर 'मुअनजोदड़ो' की सभ्यता के अद्वितीय सौंदर्यबोध का श्रेय किसे दिया जाना चाहिए ?

(A) धनाढ्य वर्ग को
(B) तत्कालीन समाज को ✓
(C) राजसत्ता को
(D) धर्माचार्यों को

**Q.59**

जंगल में लगने वाली आग को क्या कहते हैं ?

(A) बड़वाग्नि
(B) दावाग्नि ✓
(C) जठराग्नि
(D) यज्ञाग्नि

**Q.60**

'मीराँबाई' से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) उन्होंने मुक्त भाव से सभी भक्ति संप्रदायों का प्रभाव ग्रहण किया।
(B) उन्होंने लोकजीवन में रची-बसी भाषा का प्रयोग किया।
(C) अपने अधिकांश पदों में कृष्ण को बंशीधर, नंदनंदन, श्यामसुंदर, गोपाल आदि नामों से याद किया। ✓
(D) उनकी भक्ति माधुर्य भाव की है।

**Q.61**

'भाषा योगवासिष्ठ' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) रामप्रसाद निरंजनी ✓
(B) सदासुखलाल
(C) लल्लूलाल
(D) सदल मिश्र

**Q.62**

इनमें से किस विद्वान ने आदिकाल को 'सिद्ध सामंतकाल' कहा था ?

(A) रामकुमार वर्मा
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) राहुल सांकृत्यायन ✓
(D) मिश्र बन्धु

**Q.63**

'लक्षणा' शब्द-शक्ति से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) किसी शब्द का 'मुख्य-अर्थ' बाधित होने पर उसका 'अन्य अर्थ' ग्रहण किया जाता है।
(B) इस 'अन्य अर्थ' का 'मुख्य-अर्थ' से कोई संबंध नहीं होता। ✓
(C) यह 'अन्य अर्थ' किसी रूढ़ि के आधार पर ग्रहण किया जाता है।
(D) किसी प्रयोजन के आधार पर भी 'अन्य-अर्थ' ग्रहण किया जा सकता है।

**Q.64**

'हैं हमीं प्रकंपित कर चुके, सुरपति तक का भी हृदय' - से हमारी किस विशेषता का बोध होता है ?

(A) दयालुता
(B) वीरता ✓
(C) शरणागतवत्सलता
(D) ज्ञान प्राप्ति

**Q.65**

लेखन/प्रकाशन वर्ष के अनुसार प्रेमचंद कृत इन उपन्यासों का सही कालक्रम किस विकल्प में है ?

(A) कर्मभूमि, रंगभूमि, गबन, सेवासदन
(B) सेवासदन, गबन, रंगभूमि, कर्मभूमि
(C) सेवासदन, रंगभूमि, गबन, कर्मभूमि ✓
(D) रंगभूमि, कर्मभूमि, सेवासदन, गबन

**Q.66**

एक बालक जिसकी मानसिक आयु 12 वर्ष तथा कालानुक्रमिक आयु 10 वर्ष है, उसकी बुद्धि लब्धि होगी

(A) 125
(B) 83
(C) 120 ✓
(D) 110

**Q.67**

'कृत्' प्रत्यय का योग होता है :

(A) क्रिया या धातु के साथ ✓
(B) संज्ञा के साथ
(C) सर्वनाम के साथ
(D) विशेषण के साथ

**Q.68**

डायरी के संदर्भ में असंगत कथन है

(A) डायरी सार्वजनिक संपत्ति नहीं है ।
(B) डायरी उत्तमपुरुष शैली में लिखी जाती है ।
(C) डायरी में लेखक स्वयं से साक्षात्कार करता है ।
(D) डायरी की भाषा परिष्कृत एवं मानक होनी चाहिए । ✓

**Q.69**

निम्नलिखित में से कौन सी अनुदेशन सामग्री नहीं है ?

(A) छपी सामग्री
(B) ट्रान्सपेरेन्सी
(C) ओवरहेड प्रोजेक्टर ✓
(D) ऑडियो कैसेट

**Q.70**

भट्टनायक के अनुसार काव्यार्थ का रस रूप में भोग किस व्यापार द्वारा होता है ?

(A) भावकत्व
(B) अभिधा
(C) व्यंजकत्व
(D) भोजकत्व ✓

**Q.71**

शिक्षण प्रतिमान के तत्त्व हैं

(A) लक्ष्य एवं उद्देश्य
(B) उद्देश्य एवं संरचना
(C) सामाजिक प्रणाली एवं मूल्यांकन
(D) उपरोक्त सभी ✓

**Q.72**

'अंतराल' में संकलित 'बिस्कोहर की माटी' रचना में 'गरमी का फल और तरकारी' किसे कहा गया है ?

(A) कटहल ✓
(B) आम
(C) खरबूजा
(D) तरबूज

**Q.73**

अंतरा भाग-2 में संकलित 'यह दीप अकेला' कविता में 'दीप' किसका प्रतीक है ?

(A) अकेलेपन का
(B) विवशता का
(C) व्यष्टि (व्यक्ति) का ✓
(D) प्रकाश का

**Q.74**

इनमें से किस मध्यकालीन संत/भक्त कवि का राजस्थान से संबंध नहीं था ?

(A) दादू दयाल
(B) नागरीदास
(C) संत पीपा
(D) मलूकदास ✓

**Q.75**

इनमें से कौन सी रचना मैथिलीशरण गुप्त की नहीं है ?

(A) रंग में भंग
(B) भारत भारती
(C) द्वापर
(D) वैदेही वनवास ✓

**Q.76**

इनमें से तुलसीदास की किस रचना की भाषा अवधी नहीं है ?

(A) रामचरितमानस
(B) जानकी मंगल
(C) कवितावली ✓
(D) रामलला नहछू

**Q.77**

इनमें अलंकारों की परिभाषा एवं लक्षण से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना / कल्पना की जाये, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।
(B) उपमा में रूप, रंग, गुण आदि की समानता के आधार पर दो भिन्न वस्तुओं की तुलना की जाती है।
(C) जब किसी शब्द के एक से अधिक अर्थ निकलते हों, वहाँ श्लेष अलंकार होता है।
(D) जहाँ उपमान पर उपमेय का अभेद आरोप किया जाये, वहाँ संदेह अलंकार होता है। ✓

**Q.78**

विश्व को भारत का जयघोष करने को क्यों कहा गया है ?

(A) हमारे परंपरा से चले आ रहे गुणों के कारण ✓
(B) हमारे समृद्ध रहन-सहन के कारण
(C) हमारी जीतने की शक्ति के कारण
(D) हमारे सुरपति तक पहुँचने की सामर्थ्य के कारण

**Q.79**

अमृतलाल नागर रचित इन उपन्यासों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही कालक्रम वाला विकल्प चुनिए :

(A) बूँद और समुद्र, सुहाग के नूपुर, अमृत और विष, मानस का हंस ✓
(B) अमृत और विष, बूँद और समुद्र, मानस का हंस, सुहाग के नूपुर
(C) सुहाग के नूपुर, बूँद और समुद्र, अमृत और विष, मानस का हंस
(D) मानस का हंस, सुहाग के नूपुर, बूँद और समुद्र, अमृत और विष

**Q.80**

शिक्षा मनोविज्ञान है

(A) मानक विज्ञान
(B) अनुप्रयुक्त विज्ञान ✓
(C) विशुद्ध विज्ञान
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Q.81**

निम्नलिखित में सही वाक्य है :

(A) स्वाति, रश्मि और अनामिका जाएँगी । ✓
(B) मेरा बेटा और बेटी बाजार गई हैं ।
(C) दिल्ली में चार गिरफ्तारी हुई ।
(D) मुझे किताब पढ़ना है ।

**Q.82**

रेडियो नाटक के संदर्भ में कौन सा कथन असंगत है ?

(A) किसी कहानी को रेडियो नाटक में रूपांतरित किया जा सकता है ।

(B) रेडियो नाटक में फिल्म की तरह एक्शन की गुंजाइश नहीं होती ।

(C) रेडियो नाटक में पात्रों की संख्या कितनी भी हो सकती है । ✓

(D) रेडियो नाटक में सब कुछ शब्द के द्वारा ही प्रकट करना होता है ।

**Q.83**

आत्म-सम्प्रेषण को कहते हैं

(A) समूह सम्प्रेषण

(B) जन सम्प्रेषण

(C) अन्तःवैयक्तिक सम्प्रेषण ✓

(D) इनमें से कोई नहीं

**Q.84**

कवि की अनुभूति के साथ-साथ पूरे काव्य परिवेश का साधारणीकरण किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी ने

(B) बाबू श्यामसुंदरदास ने

(C) डॉ. नगेन्द्र ने ✓

(D) बाबू गुलाबराय ने

**Q.85**

सही जोड़े का चयन कीजिए ।

(A) ग्लेशर - कम्प्यूटर आधारित शिक्षण प्रतिमान

(B) सुकरात - निष्प्राप्ति शिक्षण प्रतिमान

(C) फ्लैंडर - बुनियादी शिक्षण प्रतिमान

(D) आसुबेल - अग्रिम व्यवस्थापक शिक्षण प्रतिमान ✓

**Q.86**

'..... जाते हुए भी जमे रहने की धौंस दे रहा है ।' - अंतराल में संकलित 'अपना मालवा - खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' रचना के अनुसार यह बात किसके लिए कही गई है ?

(A) मेहमान के लिए ।

(B) जाड़े के लिए । ✓

(C) मानसून के लिए ।

(D) सरकारी अधिकारी के लिए ।

**Q.87**

'है यह अपूर्ण संसार, न मुझको भाता' - आरोह-2 में संकलित 'आत्म परिचय' शीर्षक कविता में हरिवंशराय बच्चन इस 'अपूर्ण संसार' को किस तरह पूर्ण करना चाहते हैं ?

(A) जन जागरण द्वारा

(B) स्वप्न-संसार का निर्माण करके ✓

(C) सामाजिक क्रांति द्वारा

(D) आर्थिक विकास द्वारा

**Q.88**

इनमें से कबीरदास से संबंधित कौन सा कथन गलत है?

(A) वे निर्गुण ब्रह्म की उपासना करते थे।

(B) उन्होंने पुस्तकीय ज्ञान की अपेक्षा अनुभवजन्य ज्ञान को अधिक महत्त्व दिया।

(C) वे जाति, पंथ, धर्म, संप्रदाय आदि के भेदभाव का खंडन करते थे।

(D) पूजा-पाठ को वे भक्ति के लिए आवश्यक मानते थे। ✓

**Q.89**

इनमें छायावाद की विशेषताओं से संबंधित कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(A) आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति

(B) कल्पना की अतिशयता

(C) सूक्ष्म के प्रति स्थूल का विद्रोह ✓

(D) सौंदर्य के प्रति अत्यधिक आकर्षण

**Q.90**

इनमें से कौन सा कवि 'अष्ट छाप' से संबद्ध नहीं है ?

(A) परमानंददास

(B) गोविन्ददास

(C) कृष्णदास

(D) नाभादास ✓

**Q.91**

'रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम्' - काव्य लक्षण से संबंधित यह कथन किसका है?

(A) आचार्य विश्वनाथ

(B) आचार्य मम्मट

(C) पंडितराज जगन्नाथ ✓

(D) आचार्य भरत

**Q.92**

हमारी दयालुता किन पंक्तियों से प्रकट होती है ?

(A) हैं हमीं प्रकंपित कर चुके, सुरपति तक का भी हृदय

(B) शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं ?

(C) पर शरणागत हुआ कहाँ, कब हमें न प्यारा ! ✓

(D) बतलाओ तुम कौन नहीं जो हमसे हारा

**Q.93**

निम्नलिखित उपन्यासों में से कौन सा उपन्यास भगवतीचरण वर्मा द्वारा नहीं लिखा गया है ?

(A) चित्रलेखा

(B) भूले बिसरे चित्र

(C) टेढ़े-मेढ़े रास्ते

(D) पुनर्नवा ✓

**Q.94**

मानव विकास परिणाम है

(A) आर्थिक कारकों का
(B) वंशागति एवं वातावरणीय कारकों का ✓
(C) धार्मिक कारकों का
(D) अभिप्रेरण कारकों का

**Q.95**

सही वर्तनी वाला शब्द है

(A) धनाढ्य
(B) प्रज्वलित ✓
(C) निवृति
(D) मध्यान्ह

**Q.96**

सही कथन कौन सा है ?

(A) अलंकार काव्य में शोभा उत्पन्न करते हैं ।
(B) गुण काव्य के कला पक्ष से संबंधित घटक हैं ।
(C) काव्य में अलंकार अनिवार्य होते हैं ।
(D) गुण काव्य में शोभा उत्पन्न करते हैं । ✓

**Q.97**

निम्नलिखित में से कौन सी रक्षात्मक क्रियाविधि नहीं है ?

(A) प्रतिगमन
(B) साहचर्य ✓
(C) क्षतिपूर्ति
(D) उदात्तीकरण

**Q.98**

'इस पत्र में पाने वाले अधिकारी को नाम या उपनाम से संबोधित किया जाता है ।' - यह कथन किस पर लागू होता है ?

(A) अर्ध-सरकारी पत्र पर ✓
(B) टिप्पण पर
(C) परिपत्र पर
(D) अनुस्मारक पर

**Q.99**

शिक्षक कक्षा-कक्ष में प्रयास करता है

(A) विद्यार्थियों को अनुभव प्रदान करने का
(B) विद्यार्थियों को चिन्तन का अवसर देने का
(C) विद्यार्थियों को सहायक अधिगम वातावरण देने का
(D) उपरोक्त सभी ✓

**Q.100**

'..... मेरे लिए पोशाकों की तुलना में ज्यादा मायने रखती है ।' वितान-2 में संकलित 'डायरी के पन्ने' रचना के अनुसार लेखिका ने इस प्रसंग में किस वस्तु का उल्लेख किया है ?

(A) पुस्तकों का ✓
(B) डायरी का
(C) जूतों का
(D) स्मृतियों का

**Q.101**

'जननी निरखति बाल धनुहियाँ' - अंतरा भाग-2 में संकलित तुलसीदास के इस पद में 'जननी' शब्द किसके लिए आया है ?

(A) कौशल्या के लिए ✓
(B) यशोदा के लिए
(C) देवकी के लिए
(D) सुमित्रा के लिए

**Q.102**

'रीतिकाल' के नामकरण के संदर्भ में 'रीति' शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है ?

(A) गुणों पर आधारित विशेष प्रकार की पद रचना।
(B) अलंकार, रस, गुण, ध्वनि, नायिका भेद आदि काव्यशास्त्रीय प्रणालियों पर आधारित रचनाएँ। ✓
(C) सामाजिक रीति-रिवाजों से संबंधित रचनाएँ
(D) वैदर्भी, गौड़ी आदि रीतियों की व्याख्यापरक रचनाएँ।

**Q.103**

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से पंत की रचनाओं का सही काल-क्रम किस विकल्प में है ?

(A) गुंजन, ग्राम्या, ग्रंथि, युगांत
(B) ग्रंथि, ग्राम्या, गुंजन, युगांत
(C) गुंजन, ग्रंथि, ग्राम्या, युगांत
(D) ग्रंथि, गुंजन, युगांत, ग्राम्या ✓

**Q.104**

इनमें से किस कवि का संबंध 'संतकाव्य' से नहीं है ?

(A) अग्रदास ✓
(B) रैदास
(C) कबीरदास
(D) धन्ना

**Q.105**

'काव्य प्रयोजन' की दृष्टि से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) इससे यश प्राप्त होता है।
(B) आर्थिक लाभ भी होता है।
(C) आनंद प्राप्त होता है।
(D) शास्त्रीय ज्ञान प्राप्त होता है। ✓

**Q.106**

निम्नलिखित में से कौन सी कहानी मोहन राकेश द्वारा रचित है ?

(A) खोई हुई दिशाएँ
(B) मलबे का मालिक ✓
(C) ज़िन्दगी और जोंक
(D) जहाँ लक्ष्मी कैद है

**Q.107**

शिक्षा मनोविज्ञान सम्बन्धित है

(A) अधिगम कर्ता से
(B) अधिगम प्रक्रिया से
(C) अधिगम स्थितियों से
(D) उपरोक्त सभी ✓

**Q.108**

किस वाक्यांश के लिए सही शब्द लिखा गया है ?

(A) जिसको पूर्व जन्म की बातें याद हैं - जातिस्मरक
(B) जिसका यौवन क्षत नहीं हुआ है - क्षतयौवन
(C) ईश्वर पर विश्वास करने वाला - नास्तिक
(D) कलम की कमाई खाने वाला - मसिजीवी ✓

**Q.109**

चिरजीवौ जोरी जुरै क्यों न सनेह गंभीर ।
को घटि ए वृषभानुजा, वे हलधर के बीर ।।
इस दोहे में है

(A) अभिधामूला शाब्दी व्यंजना ✓
(B) लक्षणामूला शाब्दी व्यंजना
(C) प्रयोजनवती सारोपा लक्षणा
(D) गौणी साध्यवसाना लक्षणा

**Q.110**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को निम्नलिखित प्रकार के संचार में वर्गीकृत किया जा सकता है :

(A) दृश्य एक तरफा
(B) दृश्य श्रव्य एक तरफा
(C) दृश्य श्रव्य दो तरफा ✓
(D) दृश्य दो तरफा

**Q.111**

शब्दकोश की दृष्टि से शब्दों का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्योग, उद्वेग ✓
(B) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्योग, उद्वेग
(C) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्वेग, उद्योग
(D) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्वेग, उद्योग

**Q.112**

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?

(A) वॉटसन - व्यवहारवाद
(B) जॉन ड्यूई - संरचनावाद ✓
(C) जीन पियाजे - संज्ञानात्मक विकास
(D) वर्थीमर - गेस्टाल्टवाद

**Q.113**

'डायरी के पन्ने' रचना के अनुसार मानव जाति की निरंतरता को बनाये रखने का श्रेय किसे है ?

(A) ईश्वर को
(B) प्रकृति को
(C) स्त्री जाति को ✓
(D) पुरुष जाति को

**Q.114**

'संवदिया' कहानी की भाषा में किस प्रकार के शब्दों की बहुलता है ?

(A) आंचलिक शब्दों की ✓
(B) तत्सम शब्दों की
(C) तद्भव शब्दों की
(D) उर्दू शब्दों की

**Q.115**

इनमें से महाकवि बिहारी और उनकी 'सतसई' से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) प्रकृति का आलंबन रूप में चित्रण उनकी बहुत बड़ी विशेषता है। ✓
(B) लोकज्ञान, काव्यज्ञान और शास्त्रज्ञान - तीनों का सुंदर समन्वय 'सतसई' में देखने को मिलता है।
(C) अनुभावों के चित्रण में बिहारी सिद्धहस्त थे।
(D) 'सतसई' में साहित्यिक ब्रजभाषा का प्रयोग किया गया है।

**Q.116**

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से महादेवी वर्मा के काव्य-संग्रहों का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) दीपशिखा, नीरजा, नीहार, सांध्यगीत
(B) नीहार, नीरजा, दीपशिखा, सांध्यगीत
(C) नीहार, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा ✓
(D) नीरजा, नीहार, सांध्यगीत, दीपशिखा

**Q.117**

'महात्मा बुद्ध के बाद उत्तर भारत में सबसे बड़े लोकनायक तुलसी हुए हैं ।' - यह कथन किस विद्वान का है ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) जॉर्ज ग्रियर्सन ✓
(C) फादर कामिल बुल्के
(D) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी

**Q.118**

विद्वानों ने 'काव्य हेतु' की दृष्टि से किस तत्त्व को आवश्यक नहीं माना है?

(A) प्रतिभा
(B) ईश-कृपा ✓
(C) व्युत्पत्ति (निपुणता/बहुज्ञता)
(D) अभ्यास

**Q.119**

'गदल' कहानी के रचनाकार इनमें से कौन हैं ?

(A) निर्मल वर्मा
(B) रांगेय राघव ✓
(C) मन्नू भंडारी
(D) उषा प्रियंवदा

**Q.120**

श्रृंखला अधिगम सम्बन्धित है

(A) टॉलमैन से
(B) थॉर्नडाइक से
(C) गोगनी (Gagne) से ✓
(D) ब्रूनर से

**Q.121**

कौन से शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है ?

(A) अनिष्ट - अनिष्ठ = बुरा - निष्ठाहीन
(B) अचल - अचला = पर्वत - नारी ✓
(C) अंश - अंस = हिस्सा - कंधा
(D) तरंग - तुरंग = लहर - घोड़ा

**Q.122**

ओज गुण का संबंध किस रस से नहीं है ?

(A) वीर
(B) रौद्र
(C) बीभत्स
(D) भयानक ✓

**Q.123**

कम्प्यूटर वायरस है

(A) हार्डवेयर
(B) सॉफ्टवेयर ✓
(C) बैक्टीरिया
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Q.124**

शब्दकोश की दृष्टि से शब्दों का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्योग, उद्वेग ✓

(B) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्योग, उद्वेग

(C) उत्कंठा, उत्क्षिप्त, उद्वेग, उद्योग

(D) उत्क्षिप्त, उत्कंठा, उद्वेग, उद्योग

**Q.125**

मानसिक स्वास्थ्य का लक्षण नहीं है

(A) सहनशीलता

(B) सामंजस्य की योग्यता

(C) आत्मविश्वास

(D) अपरिपक्वता ✓

**Q.126**

वितान-2 में संकलित 'जूझ' के अनुसार कक्षा में गणित कौन पढ़ाते थे ?

(A) मंत्री मास्टर ✓

(B) मास्टर रणनवरे

(C) मास्टर सौंदलगेकर

(D) दत्ताजी राव

**Q.127**

अंतरा भाग-2 में संकलित 'सुमिरिनी के मनके' '(क) बालक बच गया' में उस बालक ने पुरस्कार में क्या माँगा ?

(A) पुस्तकें

(B) घड़ी

(C) टॉफी

(D) लड्डू ✓

**Q.128**

प्रसाद कृत 'कामायनी' महाकाव्य से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) इसकी कथा सोलह सर्गों में विभक्त है । ✓

(B) सर्गों का नामकरण चिंता, श्रद्धा आदि मनोविकारों के नाम पर हुआ है ।

(C) इसमें कर्म का संदेश और वैराग्य मत का खंडन है ।

(D) सूक्ष्म मनोविकारों को मूर्तरूप देते हुए प्रसाद ने अत्यंत सजीव और अद्वितीय चित्रण किया है ।

**Q.129**

निम्नलिखित रचनाकारों में से 'ललितललाम' के रचनाकार हैं

(A) केशवदास

(B) भिखारीदास

(C) मतिराम ✓

(D) कृपाराम

**Q.130**

ध्वनि-सिद्धांत से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) ध्वनि के दो प्रमुख भेद माने गये हैं - (1) लक्षणामूला (2) व्यंजनामूला। ✓

(B) लक्षणामूला को 'अविवक्षित वाच्य ध्वनि' भी कहते हैं।

(C) 'अविवक्षित वाच्य ध्वनि' के भी दो भेद माने गये हैं।

(D) 'अत्यंत तिरस्कृत वाच्य ध्वनि' लक्षणामूला ध्वनि का ही एक भेद है।

**Q.131**

निम्नलिखित में से कौन सी कहानी उदयप्रकाश द्वारा नहीं लिखी गई है ?

(A) तिरिछ

(B) पॉल गोमरा का स्कूटर

(C) पीली छतरी वाली लड़की

(D) पत्थर गली ✓

**Q.132**

किशोरावस्था बड़े दबाव एवं तनाव तथा तूफान व संघर्ष की अवस्था है, कहा है

(A) कोल ने

(B) विलियम मैकडूगल ने

(C) स्टेनले हाल ने ✓

(D) ब्रिक्सन ने

**Q.133**

कौन सा विलोम-युग्म सही है ?

(A) औपचारिक - अनौपचारिक ✓

(B) ऋजु - मृदु

(C) कटु - तीक्ष्ण

(D) क्षत - विक्षत

**Q.134**

सही कथन कौन सा है ?

(A) रस वाच्य होता है ।

(B) रस व्यंग्य होता है । ✓

(C) रस लक्ष्य होता है ।

(D) रस लौकिक होता है ।

**Q.135**

सूचना सम्प्रेषण तकनीकी में सम्मिलित है

(A) ऑनलाइन सीखना

(B) वेब आधारित सीखना

(C) EDUSAT के माध्यम से सीखना

(D) उपरोक्त सभी ✓

**Q.136**

इनमें से कौन सा संधि-विच्छेद सही नहीं है ?

(A) सुरेश = सुर + ईश
(B) रमेश = राम + ईश ✓
(C) महेश = महा + ईश
(D) नागेश = नाग + ईश

**Q.137**

अंतरा भाग-2 में संकलित लघुकथा 'शेर' में 'शेर' किसका प्रतीक है ?

(A) मित्रता का
(B) न्याय व्यवस्था का
(C) छद्म तानाशाही और भ्रामक प्रचार का ✓
(D) एक प्रजापालक और अनुशासन प्रिय राजा का

**Q.138**

प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से 'दिनकर' की काव्य-कृतियों का सही क्रम किस विकल्प में है ?

(A) रश्मिरथी, कुरुक्षेत्र, रसवंती, उर्वशी
(B) रसवंती, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, उर्वशी ✓
(C) कुरुक्षेत्र, रसवंती, रश्मिरथी, उर्वशी
(D) उर्वशी, रश्मिरथी, कुरुक्षेत्र, रसवंती

**Q.139**

इनमें से कौन सी रचना देव की नहीं है ?

(A) रसमंजरी ✓
(B) रसविलास
(C) अष्टयाम
(D) भवानीविलास

**Q.140**

मनोविज्ञान में व्यवहारवाद का प्रतिपादन करने वाले थे

(A) जॉन ड्यूई
(B) कोहलर
(C) विलियम जेम्स
(D) जॉन बी. वाटसन ✓

**Q.141**

रेडियो समाचारलेखन की आधारभूत बातों में क्या नहीं है ?

(A) साफ-सुथरी, टाइप्ड कॉपी ।
(B) डेड लाइन का समाचार में ही गुंथा होना ।
(C) समय के फ्रेम का बंधन नहीं । ✓
(D) समाचार में 'आज', 'आज सुबह' आदि का प्रयोग ।

**Q.142**

आवेगों से विपुल विकला शीर्ण शैया कृशांगी ।
चिन्ता दग्धा व्यथित हृदया शुष्क ओष्ठा अधीरा ।।
इन पंक्तियों में छंद है -

(A) मन्दाक्रान्ता ✓
(B) मत्तगयंद सवैया
(C) मालिनी
(D) वंशस्थ

**Q.143**

अधिगमकर्ता वैयक्तिक भिन्नताएँ प्रदर्शित करते हैं, अतः शिक्षक को

(A) परीक्षाओं की संख्या बढ़ानी चाहिए ।
(B) कठोर अनुशासन लागू करना चाहिए ।
(C) विविध अधिगम अनुभव उपलब्ध कराने चाहिए । ✓
(D) अधिगम की समान गति पर बल देना चाहिए ।

**Q.144**

इनमें से कौन सा संधि-शब्द गलत है ?

(A) सत् + शिव = सच्छिव
(B) पितृ + उपदेश = पित्रुपदेश
(C) सत् + धर्म = सद्धर्म
(D) सत् + मार्ग = सद्मार्ग ✓

**Q.145**

अंतरा भाग-2 में संकलित 'जहाँ कोई वापसी नहीं' रचना में आधुनिक भारत के नये 'शरणार्थी' किसे कहा गया है ?

(A) विभाजन के समय पाकिस्तान से आये लोगों को
(B) औद्योगीकरण के कारण विस्थापित लोगों को ✓
(C) बाढ़ के कारण विस्थापित लोगों को
(D) बांग्लादेश से आये लोगों को

**Q.146**

इनमें कुरुक्षेत्र से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) इसका कथानक 'महाभारत' से लिया गया है ।
(B) यह गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित है । ✓
(C) इसमें कुल सात सर्ग हैं ।
(D) इसमें भीष्म और युधिष्ठिर के माध्यम से, युद्ध एवं शांति विषयक विशद और गंभीर चिंतन प्रस्तुत किया गया है ।

**Q.147**

इनमें से कौन सी रचना सेनापति की है ?

(A) श्रृंगार निर्णय
(B) कविकुल कल्पतरु
(C) छन्दमाला
(D) कवित्त रत्नाकर ✓

**Q.148**

असंगत कथन कौन सा है ?

(A) 'ड्राई एंकर' में एंकर खबर के बारे में दर्शकों को सीधे-सीधे बताता है कि कब, कहाँ, क्या और कैसे हुआ।

(B) टी.वी. की खबर बाइट्स के आस-पास नहीं बुनी जाती । ✓

(C) 'फोन इन' में रिपोर्टर से फोन पर बात करके सूचनाएँ दर्शकों तक पहुँचाई जाती हैं ।

(D) नेट साउंड वे आवाजें हैं जो शूट करते समय स्वतः चली आती हैं ।

**Q.149**

शिक्षण का वह प्रतिमान जिसका सर्वाधिक प्रयोग भाषा व व्याकरण शिक्षण हेतु उपयोगी है, वह है

(A) आगमन प्रतिमान

(B) संप्रत्यय, सम्प्राप्ति प्रतिमान ✓

(C) पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान

(D) विकासात्मक प्रतिमान

**Q.150**

किस शब्द में द्वन्द्व समास नहीं है ?

(A) सीता-राम

(B) परशुराम ✓

(C) हानि-लाभ

(D) भाई-बहन



## Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in